**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांकः 03/02/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 26वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अन्नावि दिनेश कुमार, (वीडियो कान्फ्रेसिंग)<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,उ0प्र0शासन)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री मनोज कुमार त्रिपाठी(संयुक्त निदेशक,कोषागार एवं पेन्शन)<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग,उ0प्र0 शासन)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्रीमती अंजू वर्मा<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री साहित्य कुमार कटियार<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती शालिनी सिंह<br>वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 7. | श्री ए0के0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता सिविल मेन्टीनेन्स<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आंमत्री |

मा0 कुलपति द्वारा वित्त समिति के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गयाः

1. शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु पूर्व निर्धारित शैक्षिक कलेण्डर के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियॉ जारी हैं तथा सम संख्यक सेमेस्टर की प्रथम मिड सेमेस्टर परीक्षायें दिनांक 12 फरवरी, 2025 से सम्पन्न होंगी।

2. वर्तमान शैक्षिक सत्र में अन्तिम वर्ष के छात्रों की सेवायोजन गतिविधियॉ जारी हैं, अद्यतन 90 कम्पनियों द्वारा विश्वविद्यालय कैम्पस भ्रमण किया गया है तथा कम्पनियों द्वारा 693 (6.5 CGPA) अर्ह छात्रों में से 397 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है।

3. नवीन इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग भवन हेतु विश्वविद्यालय को रूसा से समयबद्ध रूप से धनराशि प्राप्त न होने की स्थिति में विश्वविविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मद से सक्षम स्तरों के अनुमोदन से निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया था। तदोपरान्त इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग अपने नये भवन में संचालित हो रहा है। अद्यतन विश्वविद्यालय को रूसा द्वारा अवशेष ग्रान्ट रू0 428.13 लाख के सापेक्ष आंशिक ग्रान्ट 328.13 लाख प्राप्त हुई, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा व्यय धनराशि में समायोजित कर लिया गया है तथा रूसा से रू0 1.00 करोड प्राप्त होना अवशेष है, जिसे प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित ऐजेन्सी से पत्राचार किया जा रहा है।

4. विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों हेतु बैडमिन्टन कोर्ट का निर्माण, वित्तीय व्यवस्था देखते हुये, कार्यदायी संस्था को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

5. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग की आधारभूत संरचना में कमी को दृष्टिगत् रखते हुये विश्वविद्यालय द्वारा विभाग में नये कक्षों, सेमीनार हाल इत्यादि के माध्यम से अधारभूत संरचना में अभिवृद्धि की जा रही है इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यादेश जारी कर दिया गया है। इस हेतु निर्माण ऐजेन्सी आवास विकास द्वारा टेण्डर दिनांक 15/02/2025 को खोला जाना है तथा निर्माण कार्य आगामी सत्र में प्रारम्भ हो जायेगा।

6. विश्वविद्यालय पश्चिमी परिसर में डी0डी0क्यू0आई0पी0 परियोजना से वित्त पोषित 100 सीटेड छात्रावास के अवशेष कार्य को परियोजना में ग्रान्ट अवरूद्ध होने की स्थिति में छात्रावास को छात्रोपयोगी बनाये जाने के प्रयोजन से विश्वविद्यालय मद से धनराशि व्यय करते हुये निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है जो जून 2025 तक तैयार हो जायेगा तथा आगामी शैक्षिक सत्र से छात्रों को रहने हेतु आवंटित कर दिया जायेगा। डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0 परियोजना से फण्ड आने पर विश्वविद्यालय में समायोजित किया जायेगा।

7. रूसा द्वारा वित्त पोषित इन्क्यूबेशन सेन्टर विगत 03 वर्षों से ग्रान्ट न मिल पाने के कारण निर्माण वर्तमान में अधूरा है और उपयोग में नहीं लाया जा पा रहा है। जिसे उपयोगी बनाये जाने हेतु विश्वविद्यालय मद से धनराशि व्यय करते हुये निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु यू0पी0 निर्माण निगम से वार्ता चल रही है। सम्भावना है कि नये सत्र तक भवन छात्रोपयोग के लिये तैयार हो जायेगा।

8. विश्वविद्यालय द्वारा 26 रिक्त शिक्षक पदों को भरे जाने हेतु विज्ञापन जारी कर दिया गया है। विज्ञापन के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग की कार्यवाही प्रगति पर है जिसके पूर्ण होते ही पदों को भरने की समस्त कार्यवाही माह अप्रैल 2025 में पूर्ण कर ली जायेगी।

**26.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/11/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/11/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**26.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/11/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

25.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की 18/11/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कृत कार्यवाहियों से संज्ञानित हुई तथा सन्तोष व्यक्त किया गया।

26:03: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट के अन्तर्निहित माह 25 जनवरी 2025 तक व्यय संबंधी प्रस्ताव संज्ञानार्थ।

समिति वित्तीय वर्ष 2024–25 के निम्नलिखित आय–व्ययक से संज्ञानित हुई:

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष जनवरी 25, 2025 तक का व्यय विवरण **(Rs. in Lac)**

| क्रम सं0 (क) | आयोजनेत्तर / राजस्व मद | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित / पुनर्विनियोजन बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष 25 जनवरी 2025 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन भत्ते | | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | | |
| | (क) वेतन (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 1800.00 | 1737.82 | 2000.00 | 1646.12 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 850.00 | 677.35 | 900.00 | 668.95 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 100.00 | 81.86 | 120.00 | 75.43 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 138.00 | 0.00 | 138.06 | 0.00 |
| | (ङ) कैस प्रोन्नत+अन्य एरियर | 100.00 | 21.55 | 100.00 | 0.00 |
| | **योग** | **2988.00** | **2518.58** | **3258.06** | **2390.50** |
| | (ब) प्रशासन | | | | |
| | (क) वेतन | 180.00 | 115.88 | 180.00 | 112.46 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 85.00 | 49.10 | 85.00 | 52.56 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 10.00 | 3.47 | 10.00 | 4.08 |
| | (घ) एरियर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (ङ) चयन प्रोन्नत+अन्य एरियर | 25.00 | 2.67 | 25.00 | 0.00 |
| | **योग** | **300.00** | **171.12** | **300.0** | **169.10** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | | |
| | (क) वेतन (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 750.00 | 598.87 | 750.00 | 461.39 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 370.00 | 244.98 | 370.00 | 218.62 |
| | (ग) अन्य भत्ते (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 80.00 | 54.37 | 80.00 | 38.19 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग(एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 400.00 | 310.67 | 400.00 | 190.58 |
| | (ढ) एरियर | 75.00 | 15.04 | 50.00 | 3.29 |
| | (द)एन0पी0एस0 अ+ब+स) | 200.00 | 163.81 | 200.00 | 174.55 |
| | योग | **1875.00** | **1387.74** | **1850.00** | **1086.62** |
| | योग (अ+ब+स) | **5163.00** | **4077.44** | **5408.06** | **3646.22** |
| (ख) | मद | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित / पुनर्विनियोजन बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष 25 जनवरी 2025 तक व्यय |
| 2 | यात्रा व्यय | 9.00 | 5.56 | 15.00 | 3.06 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 19.00 | 18.07 | 30.00 | 27.98 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 3.50 | 3.17 | 7.00 | 2.99 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 15.00 | 14.48 | 25.00 | 13.77 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 18.50 | 18.03 | 20.00 | 7.03 |
| 7 | विज्ञापन | 35.00 | 33.27 | 50.00 | 22.31 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 90.00 | 89.85 | 150.00 | 107.81 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 130.00 | 127.65 | 175.00 | 127.32 |
| 10 | भवनों / सड़कों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 365.00 | 359.80 | 1000.00 | 921.86 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि एवं एस0ओ0ई0एम0 हेतु | 200.00 | 198.07 | 800.00 | 130.99 |
| 12 | विद्युत व्यय | 250.00 | 249.06 | 350.00 | 178.61 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 1.00 | 0.69 | 30.00 | 1.52 |
| 14 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 1.00 | 0.00 | 10.00 | 6.56 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 250.00 | 245.33 | 350.00 | 232.41 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 50.00 | 48.57 | 50.00 | 37.84 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 8.00 | 7.08 | 30.00 | 0.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष--माननीय कुलपति महोदय | 1.00 | 0.50 | 10.00 | 0.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 18.00 | 15.67 | 20.00 | 10.35 |
| 20 | वाहन का कय | 30.00 | 25.71 | 100.00 | 0.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 36.00 | 35.00 | 50.00 | 1.78 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 3.00 | 2.94 | 10.00 | 0.00 |
| 23 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 360.00 | 357.60 | 400.00 | 289.47 |
| 24 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप परिषद के व्यय हेतु | 80.00 | 77.98 | 108.00 | 20.37 |
| 25 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 25.00 | 4.33 | 40.00 | 5.13 |
| 26 | इन्टरनेट शुल्क | 108.00 | 107.23 | 100.00 | 64.62 |
| 27 | पुस्तकालय व्यय | 25.00 | 23.52 | 100.00 | 14.35 |
| 28 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन / फर्नीचर एवं भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा नवीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यो एवं एस0ओ0ई0एम0 हेतु व्यय | 1170.00 | 1164.44 | 900.00 | 862.93 |
| 29 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 30.00 | 26.51 | 40.00 | 34.42 |
| 30 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 30.00 | 28.57 | 40.00 | 39.97 |
| | योग | **3361.00** | 3288.68 | **5010.00** | 3165.45 |
| | **महायोग (क+ख)** | **8524.00** | **7366.12** | **10418.06** | **6811.67** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय फीस + अन्य अनुमानित आय | 4890.72 | 4890.72 | 5880.32 | 5880.32 |
| 2 | शासन से वर्ष 2023–24 में वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि एवं 2024–25 हेतु प्राविधानित माँग की धनराशि | 2845.30 | 2845.30 | 3591.51 | - |
| 3 | शासन से गैर वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि | 26.11 | 26.11 | 26.11 | - |
| 4 | शासन से एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान हेतु अनुदानित धनराशि | 151.32 | 151.32 | 184.52 | - |
| 5 | शासन से शिक्षको के सातवे वेतन के एरियर का भुगतान हेतु वर्ष 2023–24 में अनुदानित धनराशि एवं 2024–25 हेतु माँग की अवशेष धनराशि | 0.00 | 0.00 | 276.10 | - |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2023–24 की अनुमान बचत को वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय में दर्शाया गया है। | | (+)547.33 | (+)547.33 | - |
| | बचत | | | (+)87.83 | - |

| क्रम संख्या | आयोजनागत / पूजीगत | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष 18 जनवरी 2025 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृहत निर्माण कार्य | | | | शासन से अवमुक्त धनराशि रू0 79.52 लाख का व्यय कर लिया गया है। |
| अ | 400सीटेड नवनिर्मित छात्रावास हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि | | | | |
| ब | नवनिर्मित कुलपति आवास एवं कैम्प कार्यालय हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि | 200.00 | 200.00 | 200.00 | |
| स | विश्वविद्यालय में टाइप–4 के 04नग आवासों के निर्माण हेतु | | | | |
| | योग | **200.00** | **200.00** | **200.00** | **79.52** |

**26:04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के वित्तीय वर्ष 2023–24 का तुलन पत्र को अनुमोदन किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के वित्तीय वर्ष 2023–24 का मेसर्स आलोक पाण्डेय एण्ड कम्पनी कानपुर द्वारा (COMPILED) एवं मेसर्स गिरीश गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स कानपुर द्वारा (AUDITED) किए गए तुलन पत्र पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**26:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं के अधीन इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग के कक्षों के निर्माण कार्य से सम्बन्धित अद्यतन कृत कार्यवाही से संज्ञानित होने संबंधी प्रस्ताव।**

समिति ने प्रस्ताव से संबंधित सम्पन्न की गयी निम्नवत् कार्यवाही को संज्ञान में लिया गया:

"समिति ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान RUSA के अन्तर्गत प्रायोजित परियोजना के अधीन इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के नवीन कक्षों के निर्माण हेतु रू0 1264.88 लाख का व्यय आगणन अनुमोदन के सापेक्ष (वर्ष 2016–17 में रू0 650.00 लाख, वर्ष 2018–19 में रू0 100.00 लाख एवं वर्ष 2020–21 में रू0 86.75 लाख) कुल धनराशि रू0 836.75 लाख उ0प्र0 आवास विकास परिषद को अवमुक्त किया गया। इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग के कक्षों के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव दिनांक 18/03/2024 के अधीन अनुरक्षण अनुभाग द्वारा यह अवगत कराते हुए कि 03 वर्षो से अवशेष धनराशि प्राप्त न होने के कारण अनुमोदित धनराशि रू0 1264.88 लाख का 5 प्रतिशत रोकते हुए धनराशि रू0 364.89 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय स्वयं के बजट से अवमुक्त किये जाने का प्रस्ताव वित्त विभाग को प्राप्त हुआ, जिससे अर्द्ध निर्मित भवन को पूर्ण कराया जा सके एवं शासकीय धनराशि का दुरूपयोग से बचा जा सके। इस संबंध में सी0ए0जी0 आडिट द्वारा आपत्ति की गयी है। अनुरक्षण अनुभाग द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव पर मा0 कुलपति महोदय से प्राप्त अनुमोदन/निर्देश दिनांक 28/03/2024 के क्रम में उ0प्र0 आवास विकास परिषद को कुल अनुमोदित धनराशि रू01264.88 लाख का 5प्रतिशत रोकते हुए रू0 364.89 लाख का भुगतान विश्वविद्यालय बजट से अवमुक्त किये जाने को संज्ञान में लिया। समिति राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान RUSA के पत्र संख्या 4248/SPD/ RUSA/09/14 (V-4) दिनांक 02.01.2025 एवं पत्र संख्या 4249/SPD/ RUSA/09/ 14 (V-4) दिनांक 06.01.2025 द्वारा प्राप्त धनराशि रु0 328.13 लाख के समायोजन से संबंधित सम्पूर्ण प्रकिया/कार्यवाही से अवगत हुई।

समिति ने इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग, भवन निर्माण हेतु स्वीकृत कुल धनराशि रू0 1264.88 लाख के सापेक्ष प्राप्त धनराशि क्रमशः रू0 836.75 लाख एवं रू0 328.13 लाख कुल धनराशि रू0 1164.88 लाख घटाते हुए शेष धनराशि रू0 100.00 लाख रूसा से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही/पत्राचार विश्वविद्यालय के अनुरक्षण अनुभाग द्वारा किये जाने के निर्देश दिये।"

**26:06 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

अन्य मद से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं।

(साहित्य कुमार कटियार)
वित्त नियंत्रक
एवं
सदस्य सचिव–वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर